# आरक्षण बहाली व 18 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** ओबीसी वर्ग के हक़ और अधिकारों की आवाज़ एक बार फिर बुलंद हुई, जब ओबीसी महासभा ने सोमवार को अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित था और इसका नेतृत्व महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गिर्राज सिंह धाकड़ ने किया। गिर्राज सिंह धाकड़ ने कहा कि यह सिर्फ़ एक ज्ञापन नहीं, बल्कि ओबीसी समाज के वर्षों से दबे अधिकारों की पुकार है। उन्होंने चेताया कि अब मौन नहीं, आंदोलन होगा जब तक ओबीसी समाज को उसका हक़ नहीं मिलता।

महासभा की प्रमुख मांगों में 13 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की तत्काल बहाली, चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति, और आगामी जनगणना में ओबीसी की जातिगत गणना कराना शामिल है। साथ ही विधायिका, न्यायपालिका और निजी क्षेत्र में ओबीसी की संख्या के अनुपात में आरक्षण लागू करने तथा ओबीसी आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की भी मांग की गई।

महासभा ने स्पष्ट कहा कि देश में सामाजिक न्याय तभी संभव है जब ओबीसी समाज को उसकी वास्तविक जनसंख्या अनुपात के अनुसार 52 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। गिर्राज सिंह धाकड़ ने कहा कि जब ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है तो हक़ भी 52 प्रतिशत का मिलना चाहिए, यह सिर्फ़ न्याय नहीं, संवैधानिक अधिकार है। इसके अलावा महासभा ने सरकारी विभागों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने, न्यायपालिका में कोलेजियम सिस्टम समाप्त कर भारतीय न्यायिक सेवा गठन करने, और मध्यप्रदेश विधानसभा में पिछड़े वर्ग के लिए 125 सीटें आरक्षित करने की मांग रखी। ओबीसी छात्रों के हित में महासभा ने छात्रवृत्ति की आय सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने, आउटसोर्स भर्ती पर रोक लगाने, तथा हर जिला एवं तहसील स्तर पर ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था की मांग की। महासभा ने बाबा आनंद स्वरूप, वकील अनिल मिश्रा और एटॉर्नी जनरल प्रशांत सिंह द्वारा ओबीसी वर्ग और संविधान के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कठोर कार्रवाई की मांग भी रखी। साथ ही, ओबीसी समाज के लिए सरकारी योजनाओं में पृथक बजट प्रावधान, राज्य स्तर पर ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने, और पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को पूर्व स्थिति में बहाल करने की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपते समय जिला मुख्यालय पर ओबीसी समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता एकजुट होकर पहुंचे। वातावरण ओबीसी एकता के नारों से गूंज उठा। महासभा के कार्यकर्ताओं ने अल्टीमेटम दिया कि यदि शासन-प्रशासन ने अब भी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की लहर उठेगी और उसकी पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की होगी।



## अज्ञात लोगों ने रात्रि में स्थापित की वीरांगना अवंतिबाई लोधी की प्रतिमा

**खनियांधाना, 6 अक्टूबर।** खनियाधाना जनपद के ग्राम पंचायत सिनावल चौराहे पर अज्ञात लोगों ने रविवार -सोमवार के मध्य रात्रि में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कर दी और सोमवार को सुबह स्थानीय एक समाज दल के द्वारा हर्षोल्लास से स्थापना की खुशी, गाना बजाना और पटाखों के साथ दिखाई दी खनियाधाना क्षेत्र मैं प्रतिमा स्थापित करना या प्रकट होना कोई अब नई बात नहीं रही कहीं ना कहीं चौराहों पर गांव-गांव में रास्तों में जहां जगह मिलती है लोग वहां स्थापित रातों-रात करवा देते हैं।

जानकारी में सभी अज्ञात बताए जाते हैं इसी तरह ग्राम सिनावल के चौराहे पर भी वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा रात्रि में स्थापित हुई जानकारी में प्रशासन मौन की स्थिति में है।

# अवैध छुरा सहित आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनन्द राय के निर्देशन में थाना बैराड़ पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से धारदार छुरा बरामद किया है। दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बरोद रोड स्थित सामुदायिक भवन के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से धारदार लोहे की छुरी लिए किसी वारदात की नीयत से घूम रहा है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहुंची। टीम ने बताए स्थान से एक युवक को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक लोहे की धारदार छुरी (कीमत लगभग 200) बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक बाल्मीक पुत्र अशोक बाल्मीक, उम्र 22 वर्ष, निवासी अगरा, जिला श्योपुर के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 376/2025 धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक रविशंकर कौशल, प्रधान आरक्षक इकबाल अहमद (क्र. 947), आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद (क्र. 1058), आरक्षक ज्ञानसिंह रावत (क्र. 875), आरक्षक देवेन्द्र राठौर (क्र. 1157), आरक्षक रविन्द्र धाकड़ (क्र. 817) एवं आरक्षक हरीशंकर निगम (क्र. 1031) का सराहनीय योगदान रहा।

# नवदुर्गा सांस्कृतिक समारोह मंडल ने घोषित किए प्रतियोगिताओं के परिणाम

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** नवरात्रि के समापन अवसर पर नवदुर्गा सांस्कृतिक समारोह मंडल के तत्वाधान में देवी प्रतिमा के 28वें विसर्जन समारोह के अवसर पर माधव चौक चौराहे पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**माधव चौक पर हुआ भव्य आयोजन, झांकियों और डांस प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

किया गया। मंडल के अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक एड. संदीप वशिष्ठ एवं सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर माधव चौक पर आकर्षक मंच सजाया गया, जहां से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित माताओं की मनमोहक झांकियां और सुंदर विमान




निकाले गए। इस दौरान स्थानीय बच्चों ने मंच पर डांडिया, गरबा और डांस की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम के समापन पर मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। सुंदर मूर्ति प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार शिव मंदिर दरबार उत्सव समिति कुशवाह मोहल्ला पुरानी शिवपुरी को मिला। प्रथम स्थान माँ केला देवी उत्सव समिति तारकेश्वरी कॉलोनी और रामबाग कॉलोनी समिति को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान हनुमान नगर मित्र मंडल पोहरी बसस्टैंड, जय शिव नवयुवक समिति एस.पी. कोठी के पास तथा महामाई बालक समिति करोंदी भोलेनाथ का मंदिर को मिला। तृतीय स्थान युवा शाक्य समाज कमलागंज घोसीपुरा, नीलकंठेश्वर महादेव समिति और शीतला माता मंदिर समिति कमलागंज ने प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार पवन ठाकुर उत्सव समिति करोंदी, सिद्धबाबा समिति प्रजापति मोहल्ला कमलागंज, महाकाली सेवा समिति खुड़ा और सिद्धिविनायक समिति नवाब साहब रोड को दिए गए।

सुंदर विमान प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ विमान कटरा की राजरानी पुरानी शिवपुरी को घोषित किया गया। प्रथम स्थान सिद्धबाबा उत्सव समिति फिजिकल रोड को मिला। द्वितीय स्थान कालीमाता मंदिर समिति बाथम मोहल्ला करोंदी, बाल समिति इंदिरा कॉलोनी और कालीमाता मंदिर समिति बर्फ फैक्ट्री पुरानी शिवपुरी को मिला, जबकि तृतीय स्थान नवदुर्गा युवा उत्सव समिति कन्या मंडल साईसपुरा, जय शिवभक्त मंडल कृष्णपुरम कॉलोनी और माँ दुर्गा उत्सव समिति मास्टर कॉलोनी को प्राप्त हुआ।

विशेष पुरस्कार रोहित गोस्वामी समिति करोंदी, जाटव समाज समिति कमलागंज घोसीपुरा, सुभाष कॉलोनी उत्सव समिति और ठकुरपुरा समिति वार्ड नं. 39 को प्रदान किए गए। आकर्षक पांडाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कमलेश्वर महादेव कुशवाह मोहल्ला पुरानी शिवपुरी, द्वितीय स्थान गांधी कॉलोनी मित्र मंडल तिकोनिया पार्क और तृतीय स्थान जय महामाई समिति शक्ति पुरम कॉलोनी खुड़ा ने हासिल किया।

डांस प्रतियोगिता में भी बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर सोलो डांस में प्रकृति शर्मा प्रथम, कविता जैन द्वितीय और माही शर्मा तृतीय रहीं। सीनियर सोलो डांस में अनमोल भार्गव ने प्रथम, वैष्णवी शर्मा ने द्वितीय और रोनक एवं प्रवेशिका पांडे ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप डांस में नौ देवी ग्रुप डांस अनलिमिटेड प्रथम, शिविक समृद्धि ग्रुप द्वितीय तथा कालवेलिया ग्रुप और माँ अम्बे ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का नगरवासियों ने देर रात तक झांकियों, विमानों और डांस प्रस्तुतियों का आनंद उठाया।

# समस्याओं के समाधान में न बरतें लापरवाही : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में

**बोले : सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें, दिए निर्देश**



आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि शासन की मंशा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर जे.पी. गुप्ता, एसडीएम शिवपुरी आनंद राजावत, डिप्टी कलेक्टर सहित जिले के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन प्रकरण अधिक लंबित हैं, उनके अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य शाखा एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पीडीएस उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने, नान के साथ समन्वय स्थापित कर मैपिंग और भुगतान कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि यदि मैपिंग में हुई देरी से वितरण या भुगतान प्रभावित हुआ है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर को दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कर्मयोग आईजीओटी पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधीक्षक भू-अभिलेख शिवपुरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित लंबित पंजीयन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबल योजना, प्रसूता भुगतान एवं लंबित आयुष्मान कार्ड आवेदनों का त्वरित निपटारा करने के निर्देश दिए गए।

# धतुरिया बीट पर 5 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि को कराया मुक्त

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 6 अक्टूबर।** पोहरी वन परिक्षेत्र पोहरी की सब-रेंज भैंसरावन के अंतर्गत बीट धतुरिया के कक्ष क्रमांक क्र842-843 में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत लगभग 5 हेक्टेयर वन भूमि को वन संरक्षक आदर्श श्रीवास्तव, वन मंडल अधिकारी सुधांशु यादव के मार्गदर्शन एवं उपवन मंडल अधिकारी आदित्य शांडिल्य के कुशल निर्देशन में कई गई।



जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही दिनांक पांच अक्टूबर को की गई। अभियान के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती प्रारंभ करने की कोशिश की जा रही थी। सूचना मिलते ही वन विभाग ने तुरंत मौके पर पहुँचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण रोधी खंती (ट्रेंच) खुदवाई और अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया। कार्यवाही के बाद संबंधित भूमि की निगरानी और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम भी उठाए गए हैं। कार्यवाही के दौरान स्थानीय वन अमला, बीट गार्ड, रेंज अधिकारी सहित स्टाफ मौजूद रहा।



# वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर वन क्षेत्र में कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** वन विभाग क्षेत्रांतर्गत आने वाले वन

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रात्रि गश्त के दौरान वन भूमि पर जुताई करते हुए पकड़ा ट्रेक्टर**

परिक्षेत्र में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों आदर्श श्रीवास्तव, वन संरक्षक शिवपुरी एवं सुधांशु यादव, वन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं आदित्य शांडित्य उपवन मंडल अधिकारी करैरा के निर्देशन में एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कोलारस गोपाल सिंह जाटव के नेतृत्व में वन भूमि पर अतिक्रमण कर जुताई करते हुए ट्रेक्टर को पकड़ा गया और कार्यवाही की गई। बीती रात्रि लगभग मध्य रात्रि को यह कार्यवाही हुई जिसे लेकर वन माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हुई।

जानकारी के अनुसार जिले के वन क्षेत्र में लगातार वन भूमि पर अवैध रूप से ट्रेक्टर के द्वारा अतिक्रमण करते हुए वन भूमि पर कब्जा किए जाने की सूचना लगातार वन परिक्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह जाटव को मिल रही थी।

इसी क्रम में बीती शनिवार-रविवार की रात्रि को वन परिक्षेत्र कोलारस क्षेत्रांतर्गत आने वाली बीट बीट सरजापुर में कक्ष क्रमांक पीएफ 1176 में वन क्षेत्र पर अवैध रूप से अतिक्रमण के उद्देश्य से वन भूमि पर जुताई का कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा था, तभी सूचना मिलने पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह जाटव के द्वारा अपनी वन टीम के सहायक कोलारस व वन परिक्षेत्र स्टॉफ द्वारा रात्रि गस्त के दौरान मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई और यहां अवैध रूप से वन भूमि पर अतिक्रमण करने के उद्देश्य से जुताई कर रहे ट्रेक्टर को मौके से जब्त किया गया और आरोपी के विरूद्ध वन अपराध के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्राधिकारी गोपाल सिंह जाटव के साथ उनकी सहायक वन टीम में शामिल गिरीश नामदेव, वीरेन्द्र परसेडिया, नकुल शर्मा, सुनील आदिवासी, दिनेश आदिवासी तथा अन्य वन अमला की सराहनीय भूमिका रही।

## एसडीओपी ने किया थाना खनियाधाना का औचक निरीक्षण

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने दिनांक 05-06 अक्टूबर 2025 की रात्रि थाना खनियाधाना का औचक निरीक्षण किया। रात्रि गस्त के दौरान अपराधों की रोकथाम और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई को प्रभावी बनाने हेतु निरीक्षण किया गया।



एसडीओपी पिछोर ने थाने का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई का निरीक्षण किया। हवालात की स्थिति जांची, जिसमें कोई आरोपी या व्यक्ति थाना पर नहीं पाया गया। थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर—अपराध, मर्ग, गुम इंसान, माइक्रो बीट, मेडिकल, गुण्डा और निगरानी रजिस्टर—को चैक किया गया। निरीक्षण के दौरान लम्बित अपराधों, चालान, मर्ग और गुम इंसान के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित गिरफ्तारी वारंट और स्थाई वारंट तामील कराने की भी हिदायत दी गई। त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चिच करने का विशेष निर्देश भी दिया गया। एसडीओपी ने रात्रि गश्त अधिकारियों को ठीक ढंग से गस्त करने और यातायात जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिए।

# अल्पविराम कार्यक्रम में जीवन संतुलन पर चर्चा : तनावमुक्त जीवन का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 अक्टूबर।** राज्य आनंद संस्थान एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में अल्पविराम कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागार कोलारस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोलारस के अनुविभागीय अधिकारी अनूप श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक नोडल अधिकारी अभय कुमार जैन ने राज्य आनंद संस्थान की भूमिका, उद्देश्यों एवं अल्पविराम कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता, आत्म-संतुलन एवं मानसिक शांति विकसित करने हेतु निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर रिजवाना खान ने जिंदगी की लाइफ बैलेंस शीट को कैसे संतुलित किया जा सकता है विषय पर प्रतिभागियों के साथ विभिन्न प्रयोगों और गतिविधियों




के माध्यम से व्यावहारिक तरीके से समझाया। उन्होंने जीवन में मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखने को सच्चे आनंद की कुंजी बताया। मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी अनूप श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्त रहना चुनौती बन गया है, परंतु टाइम मैनेजमेंट और स्व-चिंतन के माध्यम से जीवन में संतुलन व शांति प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने जीवन में अल्पविराम लेकर आत्म-विश्लेषण करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश तोमर ने भी अपने विचार साझा किए और आधुनिक जीवनशैली में आंतरिक शांति एवं मानसिक स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। आनंद सहयोगी विजय गोयल और मास्टर ट्रेनर साकेत ने भी अपने अनुभव और आनंद आंदोलन में योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राम तिवारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्रजेश कुशवाह (जन अभियान परिषद) सहित शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, नगरपालिका एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।